

# सफेद टाइगर 'मीरा' ने तीन शावक जन्मे

## गांधी प्राणी उद्यान में खुशखबरी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,05अप्रैल।** नगर निगम द्वारा संचालित गांधी प्राणी उद्यान से सुखद खबर सामने आई है। यहां मादा सफेद टाइगर 'मीरा' ने आज रविवार अपरान्ह तीन शावकों को जन्म दिया है।

चिड़ियाघर प्रभारी डॉ उपेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जन्मे शावकों में दो पीले (रॉयल बंगाल) और एक सफेद टाइगर है। इस नए जन्म के साथ ही चिड़ियाघर में कुल टाइगरों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जिनमें 4 सफेद और 6 रॉयल बंगाल टाइगर शामिल हैं। इनमें 4 नर, 3 मादा और 3 शावक हैं।

जू क्यूरेटर गौरव परिहार के अनुसार, मादा टाइगर 'मीरा' और उसके तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। 'मीरा' को फिलहाल हल्का आहार दिया जा रहा है ताकि उसकी सेहत बेहतर बनी रहे।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देश पर चिड़ियाघर प्रशासन को नवजात शावकों की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्धारित अवधि तक शावकों को आइसोलेशन में रखा जाएगा और उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी।



### निर्धारित स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन

इसके अलावा केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित सभी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जा रहा है। यह उपलब्धि न केवल चिड़ियाघर के लिए गर्व का विषय है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।


# पत्नी घर छोड़कर जाने के गम में युवक ने लगाई फांसी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,05अप्रैल।** माधौगंज थाना क्षेत्र के लाला का बाजार में रविवार सुबह 40 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पता चला है कि मृतक की पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी और संभवत: इसी तनाव के कारण युवक फांसी पर झूल गया। गिरीश 40 वर्ष निवासी लाला का बाजार पत्नी व बच्चे के साथ रहता था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि गिरीश की पत्नी कुछ दिन पहले उसे छोड़कर चली गई थी और तभी से वह तनाव में रह रहा था। संभवत: इसी तनाव के कारण गिरीश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## भगवान परशुराम जयंती, पूजन 12 को

**ग्वालियर।** सकल ब्राह्मण महासमिति के प्रधान कार्यालय ऊँट पुल पर कोर कमेटी की बैठक संस्थापक डॉ. जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें भगवान श्री परशुराम जयंती पर 20 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम भगवान श्री परशुराम पालकी शोभा यात्रा एवं चतुर्थ ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन के आमंत्रण पत्र पूजन 12 अप्रैल रविवार को सायंकाल 5 बजे, सनातन धर्म मंदिर चक्रधर सभागार, लश्कर पर आयोजित होगा। पूर्व में जो 5 अप्रैल को सर्व समाज की बैठक होना थी उसे बरसात के कारण स्थगित कर 12 अप्रैल को शाम 5 बजे किया जाएगा।




## सहजन की फली को लेकर हुआ झगड़ा, मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,05अप्रैल।** गिजौर्रा थाना क्षेत्र के मेहगांव में सहजन की फली के बंटवारे को लेकर ननदोई ने भाभी का सिर फोड़ दिया। थाना प्रभारी उपेन्द्र धाकड़ ने बताया कि सपना कुशवाह निवासी मेहगांव के घर उनका ननदोई मनोज कुशवाह आया था। घर में सहजन का पेड़ लगा है तो उसकी फली का बंटवारा किया जा रहा था। बंटवारे को लेकर विवाद हो गया और मनोज कुशवाह ने डंडा सपना कुशवाह के सिर में मार दिया। जिससे वह लहुलुहान हो गई।




# फुटपाथ और मुख्य मार्गों से हटाए अतिक्रमण

## सामान जब्त कर दी सख्त चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,05अप्रैल।** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई नोडल अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान एवं मदाखलत अधिकारी श्री रवि कुमार कोरी के निर्देशन में की गई।

कार्रवाई के दौरान महाराज बाड़ा, नजरबाग मार्केट और सुभाष मार्केट क्षेत्रों में आमजन के आवागमन में बाधा बन रहे फुटपाथी व्यापारियों को हटाया गया और उनका सामान जब्त किया गया। इसी क्रम में राम मंदिर स्थित मुख्य मार्ग पर यातायात अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेला संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। मौके पर ठेलों को हटाकर सामान जब्त किया गया



तथा सभी संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में मुख्य मार्ग पर ठेले लगाकर यातायात बाधित न करें, अन्यथा जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में मदाखलत निरीक्षक विशाल जाटव, लव झा सहित दक्षिण विधानसभा का अमला उपस्थित रहा। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

